आपके इलाके में हाथी दिखने पर



क्या करें और क्या न करें

क्या करें ✓

- हाथी दिखने पर तुरंत अपनी रफ़्तार धीरे कर दें, उनसे सुरक्षित दूरी बनाकर रखें क्योंकि आपसे ख़तरा महसूस करने पर वे आक्रमण कर सकते हैं
- अगर हाथी से आपकी जान, संपत्ति या फ़सल को ख़तरा है तो उन्हें भगाने के लिए ढोल बजाकर तेज़ आवाज़ करें
- हाथी अगर रास्ते से जा रहे हैं तो अपना वाहन कुछ ही दूरी पर रोक दें और धीरे–धीरे उसे पीछे करके उन्हें जाने का रास्ता दें
- अगर आप भोर और संध्याकाल में ऐसे इलाके से गुज़र रहे हैं जहां हाथी हो सकते हैं तो चौकन्ना रहें और अपना वाहन धीरे चलाएं
- खेतों को हाथी के आक्रमण से बचाने के लिए उनके चारों ओर बाड़ के रूप में काटों वाली झाड़ियां लगा दें और खाई खोद दें
- पेड़ों से पके हुए फल हटा दें क्योंकि हाथी इनकी ओर आकर्षित होते हैं
- आपके घर के आसपास अगर हाथी आ गए है तो धीरे – धीरे घर के अंदर चले जाए और उन्हें वहां से जाने का मौका दें
- इंसानी गतिविधि वाले इलाके में हाथी दिखने पर वन विभाग के हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करके इसकी सूचना दें



क्या न करें ✗

- हाथी के साथ सेल्फ़ी लेने या पास से उसकी तस्वीर लेने या उसे खाना खिलाने की कोशिश न करें
- हाथी का पीछा न करें क्योंकि वह अपने बचाव में आप पर आक्रमण कर सकता है
- हाई बीम लाइट का इस्तेमाल न करें। इंजन को बंद न करें क्योंकि हाथी अपने बचाव में आक्रमण करने के लिए आपकी ओर दौड़ सकता है और आपकों गाड़ी पीछे ले जाने की जरूरत पड़ सकती है
- संवेदनशील इलाकों के बारे में चेतावनी देने वाले संकेतों को गंभीरता से लें
- खड़ी फ़सल को लावारिस छोड़कर न जाएं
- किराने का सामान और राशन को घर के बाहर या मिट्टी के घर में न रखें। अनाज आदि को पक्के घर में रखें
- रात में घर के आसपास अगर हाथी हों तो दरवाज़े न खोलें और घर से बाहर न निकलें
- हमेशा वन विभाग द्वारा दिए गए हाथियों की गतिविधि संबंधी जानकारी अपने पास रखें और ऐसे इलाकों में न जाएं जहां हाथी मौजूद हों

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग
2017 – 2023
भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन
के संबंध में सामंजस्यपूर्ण सहास्तित्व पद्धति का क्रियान्वयन